हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, सोमवार, 27 अक्टूबर, 2025

12 भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना पीएम मोदी का मन की बात कार्यक्रम



12 सांसद खेल महोत्सव से ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगी उड़ान



**खबर संक्षेप**

### रक्तदान शिविर व प्रतिभा सम्मान समारोह 30 को

**चरखी दादरी** । भारतरत्न डॉ. आंबेडकर शिक्षा समिति द्वारा आगामी 30 अक्टूबर को गांव रामनगर मे स्वर्गीय शुभकौर देवी की याद में उनकी पहली पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर, निःशुल्क प्राकृतिक एवं एक्यूप्रेसर चिकित्सा शिविर व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष वेदप्रकाश भारतीय ने बताया कि हनुमान जोहड़ी धाम भिवानी के महंत चरणदास महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में कैम्प का उदघाटन लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह करेंगे तथा अध्यक्षता अनुसूचित जाति आयोग के वाइस चेयरमैन बिजेन्दर बड़गुर्जर करेंगे।

### मजदूर का मोबाइल व दस हजार रुपये चोरी

**लोहारू**। गिगनाऊ स्थित फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर का मोबाइल और दस रुपये की नकदी चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने फैक्ट्री मालिक की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में फैक्ट्री मालिक राकेश ने बताया कि उसकी फैक्ट्री में अनेक मजदूर काम करते हैं। बीती रात एक व्यक्ति फैक्ट्री में घुसकर वहां सो रहे मजदूर सुरेश का मोबाइल और उसकी 10 हजार रुपये की नकदी चोरी करके फरार हो गया।

### विलेज लीगल केयर एंड सपोर्ट सेंटर स्थापित

बहल। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा लोहारू उपमंडल के गांव सोहासड़ा तथा बहल के पंचायत घरों में नवंबर माह के लिए विलेज लीगल केयर एंड सपोर्ट सेंटर स्थापित किए गए हैं। इन लीगल पॉलीक्लिनिक में सायं दो बजे से पांच बजे तक पैनल अधिवक्ता और अधिकार मित्र (पीएलवी) प्रत्येक रविवार लोगों को कानूनी सेवाएं दी जाएगी।

### निनाण में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

भिवानी। विश्व मानव रूहानी केन्द्र भिवानी द्वारा मनत अस्पताल से प्रशासनिक अधिकारी डा. सुनीता दुहन की देखरेख में गांव निनाण में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सकों की टीम ने 104 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें बदलते मौसम में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

### 11 को मनाया जाएगा बापोड़ा का स्थापना दिवस

**भिवानी**। गांव बापोड़ा में बाबा जगसी सेवा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गांव के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। यह जानकारी देते हुए ग्रामीण पदम सिंह, प्रवीन, अनिल, मनीष ठेकेदार, बीडीसी भोला, रविन्द्र परमार, विक्रम तंवर, सत्यवान राजलीवाल आदि ने बताया कि बैठक में 11 नवंबर को गांव के 692वें स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाने के लिए विचार विमर्श किया गया और उपस्थित ग्रामीणों को जिम्मेवारी सौंपी गई।

# ज्ञान पंचमी को अनेक तपस्वी उपवास का लेते संकल्प, जिससे ज्ञान-आवरण वाले कर्म होते नष्ट

- ज्ञान पंचमी को हुआ भगवान महावीर के दर्शनों को लिखित ग्रंथ में प्रस्तुत करने का आरंभ : साध्वी गीता
- जैन स्थानक परिसर में मनाया ज्ञान पंचमी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

**ज्ञान पंचमी अंधकार से प्रकाश की तरफ ले जाताः साध्वी गीता**



**भिवानी।** जैन स्थानक में ज्ञान पंचमी महोत्सव कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालु।

साध्वी गीता महाराज के सानिध्य में जैन स्थानक परिसर में ज्ञान पंचमी महोत्सव मनाया। साध्वी गीता ने ज्ञान पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ये दिन भगवान महावीर के दर्शनों को लिखित ग्रंथ के रूप में प्रस्तुत करने की आरंभ से जुड़ा है, इसलिए इसे श्रुत परंपरा को लिपिबद्ध परंपरा में बदलने की शुरुआत का दिन भी माना जाता है। कई तपस्वी श्रद्धालु ज्ञान की प्राप्ति के लिए उपवास रखते हैं। कुछ लोग पांच साल व पांच महीने तक हर महीने की पंचमी को उपवास करने का संकल्प लेते हैं, जिससे ज्ञान-आवरण वाले कर्म नष्ट होते हैं। यह दिन शास्त्रों और पवित्र ग्रंथों के प्रति सम्मान और श्रद्धा व्यक्त करने का है, क्योंकि ये मोक्ष की ओर ले जाने वाले खजाने माने जाते हैं। उन्होंने बताया कि ये भौतिक अंधकार को दूर करने वाली दीपावली के समान आत्मिक अज्ञान को दूर करने का प्रतीक भी है। ज्ञान पंचमी जैन धर्म से संबंधित है, ये सभी के लिए अत्यंत पूज्यनीय एवं महत्वपूर्ण दिन है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को 'ज्ञान पंचमी' का पर्व मनाया जाता है। मान्यताओं के अनुसार भगवान महावीर को शास्त्रों के रूप में पहली बार इसी समय दर्शन हुए थे। इससे पहले श्रुति परंपरा के अनुसार ज्ञान का प्रसार होता था। इसी परंपरा के अनुसार, भगवान महावीर केवल अपने प्रमुख शिष्यों को ही उपदेश देते थे। ये शिष्य ध्यानपूर्वक सुनते और फिर ज्ञान को आत्मसात करते थे। फिर वे इस ज्ञान का प्रसार करते और सभी को समझाते थे, इससे पहले महावीर की लिपि को लिखने की परंपरा नहीं थी। उनके उपदेशों को केवल सुनकर और सीखकर ही सीखा जाता था, इसलिए इसे श्रुत नाम दिया गया। ज्ञान पंचमी जिसे श्रुत पंचमी भी कहते हैं। इस दिन जैन धर्मग्रंथों का पूजन और अध्ययन किया जाता है।

## श्रीश्याम हनुमान मंदिर में लगाया अन्नकूट प्रसाद



**चरखी दादरी।** काठमंडी क्षेत्र स्थित श्रीश्याम हनुमान मंदिर परिसर में नियमित अंतराल पर आयोजित किए जाने वाले धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों की कड़ी में अन्नकूट प्रसाद वितरण किया। सौभाग्य पंचमी पर श्रीश्याम हनुमान मंदिर समिति के सदस्यों ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं को साथ लेकर प्रसाद वितरण किया। वितरण कार्यक्रम समिति प्रधान राजेश जांगडा व रमेश अग्रवाल की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान हवन, यज्ञ, पूजा, अर्चना सहित अन्य धार्मिक आयोजनों को पंडित अश्वनी शास्त्री ने संपन्न करवाया। महिला मंडल ने भजनों के माध्यम से प्रभु की महिमा को सबके सामने रखा। प्रसाद में कढी, चावल, बाजरा, मूंग, मूली, बैंगन सहित अन्य सब्जियों व भोज्य पदार्थों का वितरण किया। काठमंडी सहित नगर के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों ने अन्नकूट का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर डॉ. राजेश सनवाल, रिंकू डिंपी सिंगला, डॉ. नरेंद्र, डॉ. सुदेश वर्मा, अनिल ग्रोवर, राधेश्याम, सुभाष सिंगला, सुरेश, रोहित सैनी, इंद्र, संजय, ओमप्रकाश, निखिल, मनीष, सारिका, जया मितल, अनिता, रितु गर्ग, कविता, कशिश, मीना, सरिता, मुस्कान, मनीषा व ममता का सहयोग रहा।

### गिर कर जख्मी हो रहे है स्कूली बच्चे

# सरकूलर रोड पर गड्ढे खोदकर भूला प्रशासन

*रोजाना गुजरते है सैंकड़ों वाहन*





**भिवानी।** सामान्य अस्पताल के पास धंसी सड़क का दृश्य व दिनोद गेट क्षेत्र में सरकूलर रोड पर खोदा गया गड्ढे का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सीवर लाइन या पानी की लाइन की मरम्मत के लिए करीब साल भर पहले खोदी गई सड़क पर आज भी वाहन हिचकौले खा कर निकल रहे है। दो से तीन जगहों से सड़क एक से डेढ फुट तक जमीन में बैठ गई है। वहां पर करीब एक फुट गहरा गड्डा बना है। गड्ढे की वजह से वाहनों को अच्छी खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। कई बार तो देर सवेर कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त भी हो चुके है। हालाकिं जिला प्रशासन ने सड़क पर बने गड्डे के पास बेरिकेटस लगाकर वाहन चालकों को सचेत किया है,लेकिन उसके बावजूद भी दोपहिया वाहन चालक इन गड्डों में गिरकर जख्मी हो चुके है। हैरानी की बात यह है कि इस बारे में कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को सूचित किया,लेकिन आज तक उनकी बातों को अनसुना किया जा रहा है। करीब एक साल पहले सामान्य अस्पताल के पास सीवर व पानी की लाइन की लिकेज बंद करने के लिए सड़क को खोदा गया था। लाइन ठीक कर दी और उसके बाद सड़क पर रोड़ियों की जगह ब्लाक बिछा दिए। ब्लाक बिछने के बाद कुछ दिनों तक सड़क ठीक रही,लेकिन उसके बाद अपने आप सड़क धंसनी आरंभ हो गई। इस जगह पर करीब एक फुट गहरा दस से 15 फुट दूरी तक गड्डा बना हुआ है। अगर रात के अंधेरे में इस जगह पर किसी भी वाहन का टायर चढ जाए तो वाहन का पलटना लाजिमी है। यही स्थिति दिनोद गेट पर बने गड्डे की है। दिनोद गेट पर प्रशासन द्वारा करीब छह माह पहले गड्डा खुदवाया था। उसके बाद उस गड्डे में मिट्टी नहीं डलवाई गई। गड्डा आज भी बना हुआ है। हालांकि दुर्घटना से बचने के लिए अधिकारियों ने प्लास्टिक के बेरिकेटस लगा रखे है,लेकिन बेरिकेटस लगे होने के बावजूद आए दिन दोपहिया वाहन गिर कर चोटिल हो रहे है।

**कई बार लोग गुहार लगा चुके**

हैरानी की बात यह है कि इन गड्डों को भरवाने के लिए प्रशासन ने कतई जहमत नहीं उठाई है। इस बारे में कई बार सामाजिक संगठन के सदस्यों ने जिला प्रशासन से गुहार लगाई, लेकिन आज तक इस समस्या की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया है। जिस वजह से लोगों में रोष व्याप्त है। सामाजिक संगठनों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।

## किसान महापड़ाव में दो घंटे मौन रख सरकार के प्रति जताया रोष

*किसानों के सामने खाद का संकट गहराया, घंटों लाइनों में लगकर भी नहीं मिलतीः सुमेर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू



**भिवानी।** धरने पर किसानों का संबोधित करते किसान नेता उमेद फरटिया।

बकाया फसल बीमा क्लेम के भुगतान की मांग को लेकर 103 दिनों से लघु सचिवालय परिसर में धरने पर बैठे किसान प्रतिदिन सरकार के प्रति रोष प्रकट कर रहे हैं। रविवार को किसानों ने गांधीवादी विचारधारा की तर्ज पर रविवार को धरने पर दो घंटे का मौन रखा। इस दौरान माइक की आवाज बंद रही तथा धरनारत किसान भी मौन मुद्रा में रहे। किसानों ने कहा कि सरकार जब तक उनकी मांगों को लेकर नहीं चेतेगी, किसानों का संघर्ष लगातार जारी रहेगा। धरनारत किसानों ने रविवार को दो घंटे का मौन रखते हुए सरकार की कथित हठधर्मिता पर कटाक्ष किया।

**किसानों को खाद लेने के लिए लगना पड़ता है कतारों में**

मौन धरने के बाद किसानों ने एक सुर में कहा कि जब से भाजपा सरकार सत्ता में आई है किसानों को खाद की कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। बीमा क्लेम भुगतान की मांग को लेकर 103 दिनों से किसान धरने पर हैं और सरकार के कानों पर जूं तक नही रेंग रही। एमएसपी पर फसल खरीद का दावा करने वाली सरकार में किसान फसल बेचने के लिए दर दर की ठोंकरें खा रहे हैं। रविवार को धरने की अध्यक्षता सुमेर सिंह गिगनाऊ, मांगेंराम, धन सिंह, दरिया सिंह और जागेराम ने की। उमेद सिंह फरटिया, धर्मपाल बारवास, शेर सिंह झांझड़ा, रोहतास झुप्पा, मास्टर दयानंद दमकौरा, मास्टर जगरोशन रोढा, सुरेंद्र राठी बारवास आदि ने धरने को संबोधित किया।

## युवक का अपहरण कर मारपीट करने के मुख्य आरोपी सहित चार पकड़े

- पुलिस टीम के द्वारा आरोपियों से वारदात वाले दिन प्रयोग की गई एक गाड़ी व एक डंडा किया बरामद।

**भिवानी।** पुलिस अधीक्षक भिवानी सुमित कुमार द्वारा जिला पुलिस को जिले में संगीन अपराध को अंजाम देने वाले आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई अमल में लाए जाने के निर्देश दिए हुए हैं जो इन्हीं निर्देशों के तहत कार्रवाई करते हुए थाना बवानी खेड़ा पुलिस ने युवक का अपहरण कर मारपीट करने के मामले में मुख्य आरोपी सहित चार आरोपियों को कर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। रितिक निवासी कुंगड़ ने थाना बवानी खेड़ा पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि 18 सितम्बर को घर पर मौजूद था जो उसके चाचा विशाल का फोन आया था जिसने उन्हें बस अड्डा कुंगड़ पर बुलाया था। जहां पर उसके चाचा विशाल के साथ विनोद पुत्र मांगेराम निवासी धमतान गाड़ी लेकर खड़े हुए थे जो विनोद ने जबरदस्ती रितिक को अपनी गाड़ी में बैठा लिया और रास्ते में अन्य व्यक्ति भी गाड़ी में बैठ गए थे । जो आरोपी शिकायतकर्ता को गांव सिवाड़ा से तालु रोड के बीच में रजवाया पर लेकर गए जहां पर उसके साथ मारपीट करके वहीं छोड़कर चले गए थे। जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना बवानी खेड़ा में दर्ज किया था। अभियोग में प्रभावी कार्रवाई करते हुए थाना बवानी खेड़ा के उप निरीक्षक प्रेम कुमार ने युवक का अपहरण कर मारपीट करने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान विनोद पुत्र मांगेराम निवासी धमतान साहिब नरवाना जिला जींद, रिंकू पुत्र अशोक निवासी धमतान साहिब नरवाना जिला जींद, गोविंद पुत्र नवाब सिंह निवासी वार्ड नंबर- 05 बवानी खेड़ा व विशाल पुत्र दलबीर निवासी भैणी ठाकरान के रूप में हुई है।

# नशे से दूर रहकर शिक्षा और खेल की ओर बढ़ें युवा : महादेव बलाली

हरि भूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

- जिले ने दिए हैं अनेक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी

समाजसेवी महादेव बलाली ने युवाओं से आह्वान किया है कि वे नशे की लत से दूर रहकर अपने जीवन को शिक्षा और खेल के क्षेत्र में समर्पित करें। उन्होंने कहा कि आज का युवा देश की ताकत है, और अगर यही ऊर्जा गलत दिशा में चली जाए तो समाज और राष्ट्र दोनों को नुकसान होता है। इसलिए हर युवा को चाहिए कि वह अपने जीवन का लक्ष्य तय करे और मेहनत व अनुशासन के साथ आगे बढ़े। समाजसेवी महादेव बलाली ने कहा कि चरखी दादरी की धरती ने हमेशा से ही देश को उत्कृष्ट खिलाड़ी दिए हैं। यहां के युवाओं ने कुश्ती, एथलेटिक्स, शूटिंग और कबड्डी जैसे खेलों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन किया है। ऐसे में यदि सरकार चरखी दादरी में आधुनिक खेल विश्वविद्यालय की स्थापना करे तो यह न केवल जिले बल्कि पूरे प्रदेश के लिए बड़ी सौगात होगी। उन्होंने कहा कि खेल विश्वविद्यालय की स्थापना से ग्रामीण अंचलों में छिपी हुई प्रतिभाओं को उभरने का अवसर मिलेगा। आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं, अनुभवी कोच और वैज्ञानिक उपकरण मिलने से युवा वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। बलाली ने यह भी कहा कि खेल केवल करियर का जरिया नहीं, बल्कि जीवन को अनुशासित और स्वस्थ बनाए रखने का माध्यम भी है। समाजसेवी ने नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए कहा कि आज के समय में कई युवा नशे के जाल में फंसकर अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। उन्होंने माता-पिता, शिक्षकों और समाज के जागरूक नागरिकों से अपील की कि वे युवाओं को इस बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित करें।

**सरकार युवाओं को खेलों के लिए कर रही प्रोत्साहित**

चरखी दादरी के युवाओं में अपार क्षमता है अगर उन्हें सही दिशा, संसाधन और अवसर मिले तो वे न सिर्फ हरियाणा, बल्कि पूरे भारत का नाम रोशन कर सकते हैं । महादेव बलाली ने यह भी कहा कि खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार को गांव-गांव में मिनी स्टेडियम और खेल अकादमियां बनानी चाहिए, ताकि हर स्तर का खिलाड़ी आगे बढ़ सके। उन्होंने आशा जताई कि सरकार और समाज मिलकर युवाओं को नशामुक्त, शिक्षित और खेलभावना से परिपूर्ण भारत के निर्माण में सहयोग देंगे।

### श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति को रक्तदान शिविर 29 को

**भिवानी।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति भिवानी द्वारा एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन 29 अक्टूबर बुधवार को आयोजित करवाया जाएगा।

शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना और लोगों को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक करना है।

## पुलिस की गाड़ी की टक्कर मारने के मामले में दो आरोपी किए काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने डायल 112 पर तैनात पुलिस कर्मचारीयों पर जान से मारने की नीयत से पिकअप डाला की गाड़ी से टक्कर मारने के मामले में दो आरोपियों को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। डायल 112 की गाड़ी 137 पर तैनात एसपीओ महिपाल ने थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि एक सितम्बर को ड्यूटी पर तैनात थे जो रात करीब 2:00 बजे एक कॉल प्राप्त हुई जिसमें बताया गया था कि एक पिकअप डालने में कुछ व्यक्ति राजीव चौक भिवानी से भैंस चोरी करके गुजरनी की तरफ जा रहे हैं।

**यूपी से किए गिरफ्तार**

पुलिस टीम के द्वारा बताई गई गाड़ी का पीछा करने पर गाड़ी चालक ने पालुवास से नाथुवास हाईवे फ्लावर के नीचे जान से करने के नीचे पिकअप डालने से ईआरवी - 137 में टक्कर मार दी थी जिसमें शिकायतकर्ता को चोटे आई थी। वहीं पुलिस गाड़ी को नुकसान पहुंचा था जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना औद्योगिक क्षेत्र भिवानी में दर्ज किया था। थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस के उप निरीक्षक मुकेश कुमार ने ड्यूटी के दौरान डायल 112 कर्मचारियों पर जान से मारने की नीयत से गाड़ी की टक्कर मारने के मामले में दो आरोपियों को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

**कार्यक्रम** बिहार में भारी बहुमत से बनेगी एनडीए की सरकारः बड़ौली

# स्वदेशी वस्तुओं में आती है अपने पसीने की खुशबूः अरुण सिंह

- केंद्र और प्रदेश सरकार हर वर्ग के लिए कर रही है नीतियां लागूः पूनिया
- पूर्व मंत्री स्वर्गीय ठाकुर बीर सिंह की 101 वीं जयंती पर शकुंतला गार्डन में आयोजित हुआ जयंती समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन नेता। फोटो : हरिभूमि

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं में अपने पसीने की खुशबू आती है। स्वदेशी अपनाकर हम भारत को आत्मनिर्भर बना सकते हैं। स्वदेशी अपनाने से एक परिवार को रोजगार मिलता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर स्वदेशी वस्तुओं को अपनाकर हम जापान को पीछे छोड़कर विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बने हैं और आने वाले समय में स्वदेशी वस्तुओं को अपना कर तथा आत्मनिर्भर बनकर हम जर्मनी को पीछे कर विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने देश और समाज के प्रति समर्पित रहना चाहिए।

राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह रविवार को पूर्व मंत्री स्वर्गीय ठाकुर बीर सिंह की 101 वीं जयंती पर शकुंतला गार्डन में ठाकुर बीर सिंह फाउंडेशन द्वारा आयोजित समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारा देश निरंतर ऊंचाइयां छू रहा है। प्रधानमंत्री मोदी अपने मन की बात कार्यक्रम से देश के हर वर्ग को न केवल प्रोत्साहित कर रहे हैं बल्कि देश को नई दिशा देने का काम कर रहे हैं। रचनात्मक कार्य करने वालों में नई ऊर्जा का संचार कर रहे हैं।

**ये रहे मौजूद**

जयंती समारोह के आयोजक एवं ठाकुर बीर सिंह के सुपुत्र ठाकुर विक्रम सिंह ने सभी मेहमानों का स्वागत और आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि वे सच्चाई और ईमानदारी की राह पर चलते हुए अपने पिता और पूर्वजों की विरासत को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने भिवानी में पधारने पर राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह, प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया और प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली सहित सभी मेहमानों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम को बाढ़डा से विधायक उमेद पातुवास, दादरी से विधायक सुनील सांगवान, बवानी खेड़ा से विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि,रतनगढ़ से पूर्व विधायक अभिनेश महर्षी, भाजपा जिला प्रभारी रेनू डाबला, ठाकुर वीर सिंह के पौत्र कुणालजीत सिंह और 32 खाप प्रधान बाबू सिंह परमार ने भी संबोधित किया।

**ठाकुर बीर सिंह श्रद्धांजलि**

पूर्व मंत्री स्वर्गीय ठाकुर बीर सिंह को अपनी ओर से श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि जरूरतमंद गरीब, असहाय और समाज के लिए काम करने वालों को कौम हमेशा याद रखती है, समाज के प्रति इस भावना के ठाकुर बीर सिंह एक प्रतिमूर्ति थे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि स्वर्गीय ठाकुर बीर सिंह निडर और साहसी थे। भाजपा प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया ने कहा कि ठाकुर बीर सिंह 36 बिरादरी के नेता थे। वे जुबान के धनी थे। ठाकुर विक्रम सिंह अपने पिता स्वर्गीय ठाकुर बीर सिंह के पदचिन्हों पर चल रहे हैं।



# करण की फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे भुवन बाम

**मुंबई।** यूट्यूबर से अभिनेता बने भुवन बाम अब ओटीटी के बाद अब बॉलीवुड में अपने बड़े डेब्यू को तैयार हैं। पिछले कुछ वक्त से ऐसी खबरें आ रही थीं कि भुवन बाम करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। अब खुद भुवन बाम ने ये कंफर्म कर दिया है और अपने इस बिग डेब्यू पर खुशी भी जताई है। भुवन ने इसे अपने लिए सपना सच होने जैसा बताया है। भुवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर धर्मा के साथ साइन किए गए आर्टिस्ट एग्रीमेंट की एक तस्वीर शेयर की और अपने सपने के सच होने पर अपनी खुशी जाहिर की। अपने कैप्शन में उन्होंने सभी से बड़े सपने देखने का आग्रह किया।

## लाइफ Style

# उर्वशी

## जागेश्वर धाम मंदिर में रुद्राभिषेक कर लिया आशीर्वाद

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला नैनीताल और अल्मोड़ा में अपने होमस्टेट का आनंद लेती दिखीं। उन्होंने नैनी झील में बोटिंग की, पहाड़ी व्यंजन चखे और जागेश्वर धाम, गोल्ज्यू मंदिर व कैंची धाम आश्रम में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान फैंस ने उनके साथ सेल्फी और ऑटोग्राफ भी लिए. उर्वशी ने अपनी आने वाली फिल्मों और साउथ प्रोजेक्ट्स की अपडेट भी साझा की।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

31 साल की बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला इन दिनों उत्तराखंड की खूबसूरती का आनंद ले रही हैं। रविवार को उर्वशी ने न सिर्फ नैनी झील में बोटिंग का लुत्फ उठाया, बल्कि पारंपरिक पहाड़ी व्यंजन का स्वाद भी चखा। इससे पहले उर्वशी अल्मोड़ा के प्रसिद्ध जागेश्वर धाम मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए और रुद्राभिषेक कर आशीर्वाद लिया। उर्वशी रौतेला अल्मोड़ा के चितई गोल्ज्यू मंदिर और कैंची धाम आश्रम भी गई। यहां उर्वशी ने नीम करौरी बाबा के दर्शन किए। इस दौरान उर्वशी ने नैनीझील में वोटिंग का लुफ्त उठाया। उर्वशी को देखने के लिए नैनीझील पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने उर्वशी रौतेला के साथ फोटो भी खींचवाई. इतना ही नहीं, उर्वशी के फैंस उनका ऑटोग्राफ भी लिया। उर्वशी ने अपने फैंस से बातचीत की और बच्चों के साथ समय बिताया, जिससे माहौल और भी उत्साही बन गया। बता दें, उर्वशी का पहाड़ों से हमेशा लगाव रहा है इस लिए वो आकर यहां आती रहती है। उन्होंने कहा कि नैनीताल का शांत वातावरण और मौसम उन्हें बेहद पसंद है। उन्होंने इसे अपना 'नौनिहाल' बताते हुए बचपन की यादों से जोड़कर अपनी भावनाएं साझा कीं।



## हॉलीवुड मसाला



# शादी के बाद रिलीज किया पहला गाना

**लॉस एंजिल्स।** गायिका और अभिनेत्री सेलेना गोमेज ने एक बार फिर अपने फैंस के लिए एक नया वीडियो पेश किया है। गोमेज ने शादी के बाद इस हफ्ते की शुरुआत में 'इन द डार्क' नाम के नए गाने को रिलीज किया है। उन्होंने इसका वीडियो भी जारी किया है। यह गाना 'नोबडी वांट्स दिस सीजन 2: द साउंडट्रैक' का हिस्सा है, जिसमें क्रिस स्टेपलटन, केसी मुसग्रेव्स और फिननेस जैसे कलाकार भी शामिल हैं। ल्यूक ऑरलैंडो द्वारा निर्देशित इस वीडियो में, गोमेज पूरी तरह से काले रंग की पोशाक पहने हुए बड़ी, खुली जगहों से गुजरती हुई दिखाई दे रही हैं।



# भारत में चौथी बार कॉन्सर्ट करने आ रहे रैपर पिटबुल

**लॉस एंजिल्स।** अंतरराष्ट्रीय रैपर और सिंगर पिटबुल दिसंबर महीने में एक बार फिर भारतीय दर्शकों के सामने लाइव परफॉर्म करने आ रहे हैं। 'मिस्टर वर्ल्डवाइड'के नाम से मशहूर पिटबुल अपने नए टूर 'आई एम बैक' के तहत भारत के दो बड़े शहरों- गुरुग्राम और हैदराबाद में परफॉर्म करेंगे। इस म्यूजिकल टूर की शुरुआत 6 दिसंबर को गुरुग्राम के हुडा ग्राउंड से होगी, जिसके बाद 8 दिसंबर को पिटबुल हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में परफॉर्म करेंगे। पिटबुल का असली नाम आर्मांडो क्रिश्चियन पेरेज है। दुनिया भर में वह अपने हिट गानों 'टिंबर', 'होटल रूम सर्विस' और 'नो लो ट्राटेस' के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने भारत में इससे पहले 2011, 2017 और 2019 में परफॉर्म किया था और हर बार उनके कॉन्सर्ट्स में दर्शकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला था।



# पिंजर की रिलीज को पूरे हुए 22 साल

**नई दिल्ली।** उर्मिला मातोंडकर और मनोज बाजपेयी की साल 2003 में फिल्म पिंजर आई थी। रविवार को इस फिल्म की रिलीज को 22 साल पूरे हो चुके हैं। पिंजर बॉलीवुड की बेहतरीन और क्लासिक कल्ट फिल्मों में शामिल है। इसमें उर्मिला मातोंडकर और मनोज बाजपेयी ने अपने शानदार अभिनय से खूब वाहवाही लूटी थी। पिंजर को क्रिटिक्स ने खूब सराहा था। इसे काफी पसंद किया गया था। इसका निर्देशन चाणक्य जैसा कालजयी सीरियल बनाने वाले डायरेक्टर चंद्र प्रकाश द्विवेदी ने किया था। फिल्म 1947 में भारत-पाकिस्तान के बंटवारे पर आधारित थी। 22 साल पहले आई इस फिल्म में कलाकारों के अभिनय को काफी सराहा गया था. अगले साल इसने फिल्मफेयर अवॉर्ड भी जीता था। लेकिन, बॉक्स-ऑफिस पर ये मूवी औंधे मुंह गिरी थी।



# ये रोमांटिक गीत दिल को पहुंचाता है सुकून

**नई दिल्ली।** मशहूर सिंगर हेमलता के गानों के करोड़ों लोग फैन हैं, उन्होंने भारतीय सिनेमा को कई बेहतरीन और यागदार गानों की सौगात दी है। 1978 में आए इस गाने को सिंगर हेमलता ने अपनी आवाज से सजाया था और रविंद्र जैन ने लिखा और इसे कंपोज किया था। यह गाना सचिन पिलगांवकर और रंजीता कौर पर फिल्माया गया था। गाने को उस वक्त जितना पसंद किया गया था यह आज भी उतना ही लोगों के दिलों पर राज करता है। हम जिस गाने की बात कर रहे हैं वो है अंखियों के झरोखों से। जी हां अंखियों के झरोखों से एक ऐसा गाना है जिसे आज की जनरेशन भी उतना ही पसंद करती है। इस गाने को अब तक यूट्यूब पर 228 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह सॉन्ग आज भी कितना पॉपुलर है।

## टीवी मसाला




# सतीश को साराभाई वर्सेस साराभाई की टीम ने दी अंतिम विदाई...

**नई दिल्ली।** 25 अक्टूबर को सीनियर एक्टर सतीश शाह ने इस दुनिया को अलविदा कहा। उनके निधन की वजह किडनी फेलियर बताई गई। 26 अक्तूबर को उनका अंतिम संस्कार किया गया और उन्हें अंतिम विदाई दी गई। इस मौके पर उनके पॉपुलर शो 'साराभाई वर्सेस साराभाई' की लीड कास्ट भी उन्हें श्रद्धांजलि देने साथ आई और उन्हें आखिरी सैल्यूट देते हुए अपने शो का टाइटल ट्रैक 'साराभाई वर्सेज साराभाई' गाया। इस गाने को गाते हुए रुपाली गांगुली बुरी तरह इमोशनल दिखीं और गाना खत्म होने के बाद तो वो खुद को संभाल ही नहीं पाईं। वहां मौजूद हर एक शख्स की आंखें नम थीं। राजेश कुमार भी खुद को संभालने के हालात में नहीं थे। सतीश शाह के निधन के बाद जब उनसे बात की गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा लग रहा है जैसे कि उन्होंने अपने पिता को खो दिया है। अनुपम खेर ने भी एक वीडियो शेयर कर सतीश के प्रति अपना प्यार और उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। अनुपम खेर ने बताया कि सतीश सेट पर हमेशा सभी को हंसाया करते थे और जनरल नॉलेज के मामले में तो कोई उनका सानी नहीं था। वह हर एक सवाल पर जवाब देते थे. शायद ही कभी ऐसा हुआ हो जब वो जवाब देने में नाकाम रहे हों। सतीश के दोस्त सचिन पिलगांवकर ने बताया कि उन्होंने किडनी ट्रांसप्लांट केवल इसलिए करावाया था, क्योंकि वे अपनी जिंदगी बढ़ाना चाहते थे ताकि पत्नी मधु शाह की देखभाल कर सकें। क्योंकि, उनकी पत्नी अल्जाइमर से जूझ रही हैं।

## मृदुल की हरकत पर आगबबूला हुए सलमान



**नई दिल्ली।** हर हफ्ते शनिवार-रविवार को बिग बॉस 19 में वीकएंड का वार होता है, जिसमें शो के होस्ट सलमान खान आते हैं और प्रतियोगियों की हफ्ते भर की रिपोर्ट पेश करते हैं। शनिवार को अभिनेता ने कंटेस्टेंट को जमकर फटकार लगाई, जिसमें एक्टर सबसे ज्यादा मृदुल तिवारी पर भड़के। इसके अलावा सलमान ने मृदुल की हरकतों पर कहा कि बिग बॉस के घर में किसी की जान जा सकती थी। सलमान खान ने वीकएंड का वार में मृदुल तिवारी से कहा, 'आपने जो किया वो मजाक नहीं था। आपने पहले खुद अशनूर को छेड़ा, कि वो आपको पूल में डाले। फिर आप माइक निकालकर खुद तैयार हो गए। जब अशनूर ने ये किया तो आपने बदला लेना चाहा। मैं आपके बचकाने गेम्स के बारे में बीच में नहीं बोलता। लेकिन, आपके गेम्स की वजह से ना ही सिर्फ माइक्स खराब हुए, बल्कि आपने अशनूर पर तब पानी डाला जब उनके हाथ में एक हेयर ड्रायर था।' सलमान खान ने आगे कहा, 'आपको पता नहीं है कि हेयर ड्रायर में पानी चला जाता, तो क्या हो सकता था।'



# कांतारा-2 बनी साल की सबसे कमाऊ फिल्म, 'छावा' का रिकॉर्ड तोड़ा

**मुंबई।** ऋषभ शेट्टी अभिनीत फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' ने अपने नाम एक और उपलब्धि दर्ज कर ली है। यह इस साल रिलीज होने वाली फिल्मों में नंबर वन की कुर्सी पर काबिज हो चुकी है। विक्की कौशल अभिनीत 'छावा' को धकेलकर 'कांतारा 2' ने यह स्थान कब्जाया है। अब तक 'छावा' इस साल की नंबर वन फिल्म थी। मगर, अब 'कांतारा चैप्टर 1' ने यह जगह छीन ली है।

***25 दिनों में किया करिश्मा :*** 'कांतारा चैप्टर 1' फिल्म 2 अक्टूबर को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन के मामले में यह फिल्म पहले नंबर पर आ गई है। प्राप्त आंकड़ों में इसने अब तक 867 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन जुटा लिया है। फिल्म ने यह कारनामा अपनी रिलीज के 25 दिन के भीतर कर दिखाया है।

***टॉप 10 की लिस्ट में चार हिंदी फिल्में शामिल :*** इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाली टॉप 10 भारतीय फिल्मों में अब 'छावा' दूसरे नंबर पर हो गई है। वहीं, इस साल युवाओं के बीच लोकप्रियता बटोरने वाली 'सैयारा' 579.23 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन के साथ तीसरे नंबर पर है। टॉप 10 की लिस्ट में सिर्फ चार हिंदी फिल्मों ने उपस्थिति दर्ज की है। इनमें- छावा, सैयारा, वॉर और सितारे जमीन पर का नाम शामिल है।

**भारतीय बॉक्स ऑफिस पर जलवा कायम:** भारतीय बॉक्स ऑफिस पर भी 'कांतारा चैप्टर 1' धुआं उड़ा रही है। यह फिल्म 600 करोड़ क्लब में एंट्री लेने वाली है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक अब तक भारत में इसने 583.92 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन कर लिया है। यह फिल्म साल 2022 में आई ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा' का ही प्रीक्वल है।

# लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉर्ड्स में रैपर बैड का दबदबा

**लॉस एंजिल्स।** मियामी के मंच पर इस साल लैटिन संगीत का सबसे बड़ा उत्सव देखने को मिला। साल 2025 के लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉर्ड्स में जब विजेताओं की घोषणा हुई तो हर तरफ एक ही नाम सुनाई दे रहा था। वो नाम है- बैड बनी। जी हां, मशहूर रैपर बैड बनी ने एक ही रात में 11 अवॉर्ड्स जीतकर यह साबित कर दिया कि लैटिन म्यूजिक की दुनिया में वो बहुत आगे निकल चुके हैं।

***बैड बनी को मिले कौन-कौन से अवॉर्ड्स?*** : दुनियाभर में 'टीटी मे प्रेगुंतो'जैसे गानों के लिए पहचान बना चुके रैपर बैड बनी ने इस दौरान आर्टिस्ट ऑफ द ईयर, सॉन्गराइटर ऑफ द ईयर और टॉप लैटिन एल्बम जैसे बड़े खिताब अपने नाम किए। उनका हालिया एल्बम देबी तिरार मास फोटोज दर्शकों के बीच रिकॉर्ड तोड़ लोकप्रियता हासिल कर चुका है और अब अवॉर्ड्स ने उसकी सफलता पर मुहर लगा दी है। केवल बैड बनी ही नहीं, बल्कि लैटिन म्यूजिक के दूसरे सितारे भी इस रात अपनी चमक बिखेरते नजर आए। राउ एलेजांद्रो को कई अहम श्रेणियों में फाइनलिस्ट घोषित किया गया, जिनमें आर्टिस्ट ऑफ द ईयर और टूर ऑफ द ईयर जैसी कैटेगरी शामिल थीं। वहीं, करोल जी ने भी अपने लोकप्रिय गीत 'सी आंतेस ते उबिएरा कोनोसीदो' के लिए पांच नामांकन हासिल किए और छह अवॉर्ड्स जीतकर महिलाओं के वर्ग में इतिहास रच दिया।



## बैड ने जीत के बाद क्या कहा?

इस अवॉर्ड नाइट की खास बात यह रही कि लैटिन म्यूजिक ने न सिर्फ अपनी परंपरा बल्कि आधुनिकता का भी संगम पेश किया। मंच पर जब बैड बनी ने अपनी जीत का आभार व्यक्त किया, तो उन्होंने कहा, 'ये अवॉर्ड्स सिर्फ मेरे नहीं हैं, ये उन सभी कलाकारों के हैं जो लैटिन संगीत को विश्व मंच पर ले जा रहे हैं।' वहीं इस दौरान करोल जी ने भी मंच से कहा कि लैटिन महिलाओं के लिए यह दौर नया इतिहास लिखने का है- जहां आवाजें सीमाओं से परे जा रही हैं।

## प्रमुख श्रेणियों के विजेताओं की सूची

| अवॉर्ड श्रेणी | विजेता |
|---|---|
| आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (न्यू) | नेटन वेगा |
| टूर ऑफ द ईयर | शकिरा |
| क्रॉसओवर आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बेनी ब्लांको |
| ग्लोबल 200 लैटिन आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| ग्लोबल 200 लैटिन सॉन्ग ऑफ द ईयर | कारोल जी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग्स आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (पुरुष) | बैड बनी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग्स आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (महिला) | कारोल जी |

## शकिरा को 'टूर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड

शकिरा, जिनकी टूरिंग स्टाइल और मंच पर उपस्थिति आज भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती है, उन्हें इस दौरान 'टूर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड मिला। वहीं बेनी ब्लांको को क्रॉसओवर आर्टिस्ट ऑफ द ईयर का सम्मान मिला, जिन्होंने लैटिन और मुख्यधारा संगीत को आपस में जोड़ने में काफी अहम भूमिका निभाई है।

## लोकगीतों से सजे छठ महापर्व की रौनक भोजपुरी इंडस्ट्री में भी छाई हुई है पूरी तरह

# साड़ी पहन अक्षरा ने किया नहाय खाय, पवन ने जोड़े हाथ

***मुंबई।** भक्ति, आस्था और लोकगीतों से सजे छठ महापर्व की रौनक इस बार भोजपुरी इंडस्ट्री में भी पूरी तरह छाई हुई है। जैसे ही घाटों पर छठी मैया के गीत गूंजे, वैसे ही सोशल मीडिया पर भोजपुरी सितारों के वीडियो और तस्वीरें वायरल होने लगे। पवन सिंह, अक्षरा सिंह, आम्रपाली दुबे, दिनेश लाल यादव निरहुआ और काजल राघवानी जैसे कलाकार इस बार भी अपने-अपने अंदाज में भक्ति की छटा बिखेरते दिखे।*

## गानों से बढ़ाई श्रद्धा की मिठास

भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह हर साल की तरह इस बार भी छठ महापर्व पर अपने नए गीतों के साथ हाजिर हुए। उन्होंने दो गाने रिलीज किए- 'घाट चले मोदी-नीतीश' और 'कौन कलमवां से लिखलवा करमवां'। गाने रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गए। पवन सिंह ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'जय छठी मइया, सब पर कृपा बनाकर रखना।' उनके गीतों की लोकप्रियता इतनी है कि हर घाट पर अब उनके सुर गूंज रहे हैं। भक्ति और लोकधुन का यह संगम उनके फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं।

## साझा किया नहाय खाय का वीडियो

भोजपुरी की लोकप्रिय अदाकारा अक्षरा सिंह ने एक बार फिर अपनी सादगी और श्रद्धा से लोगों का दिल जीत लिया। इस बार वह छठ पूजा में पारंपरिक साड़ी, मांग में सिंदूर और माथे पर बिंदी लगाए दुल्हन की तरह सजीं। अक्षरा ने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करते हुए लिखा- नहाय-खाय छठ पूजा की आध्यात्मिक यात्रा की पहली सीढ़ी है। इस दिन व्रती मां छठी और सूर्य देव से आशीर्वाद मांगती हैं कि आने वाले चार दिनों तक वे नियम, भक्ति और शुद्धता बनाए रखें। यह आस्था का वह क्षण है जहाँ हर व्रती अपने जीवन की नकारात्मकता को पीछे छोड़, नवऊर्जा के साथ नई शुरुआत करती है।



## आम्रपाली और निरहुआ का इमोशनल वीडियो

इस बार छठ पर्व पर रिलीज हुआ आम्रपाली दुबे और दिनेश लाल यादव निरहुआ का म्यूजिक वीडियो सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है। रिलीज के कुछ ही घंटों में इसे 2 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। वीडियो में आम्रपाली एक गर्भवती महिला की भूमिका में नजर आती हैं, जो अपने बच्चे की सलामती के लिए छठी मैया से प्रार्थना करती है। गाने की कहानी, भावनाएं और लोकधुन दर्शकों को रुला देने वाली है। यही वजह है कि लोग इसे 'साल का सबसे भावनात्मक छठ गीत' कह रहे हैं।

## काजल राघवानी ने बताया छठ का अर्थ

भोजपुरी इंडस्ट्री की एक और चर्चित एक्ट्रेस काजल राघवानी ने इस बार अपने सोशल मीडिया वीडियो में छठ के महत्व को बड़ी खूबसूरती से समझाया। उन्होंने कहा कि, "छठ मेरे लिए सिर्फ त्योहार नहीं, बल्कि एक भावनात्मक रिश्ता है जो मुझे मेरी मिट्टी, मेरे बचपन और मेरी मां से जोड़ता है।" उनके इस वीडियो को फैंस ने दिल से अपनाया और खूब शेयर किया।

## भोजपुरी इंडस्ट्री में छठ का उत्सव

हर साल की तरह इस बार भी भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री छठ की भक्ति में रंगी हुई नजर आई। सितारों ने अपने-अपने अंदाज में छठी मइया के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। कहीं घाटों पर लोकगीत गूंजे तो कहीं सोशल मीडिया पर गीतों और तस्वीरों का मेला लगा। भोजपुरी कलाकारों का यह जोश और भक्ति भाव बताता है कि ये त्योहार केवल धार्मिक नहीं, बल्कि भावनाओं और संस्कृति का उत्सव है।

## खबर संक्षेप



### शहर में निकाली प्रभात फेरी

**नारनौल।** सामाजिक संस्था प्रभात फेरी संगठन द्वारा ईश्वर कॉलोनी से 164वीं प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पंडित सतीश शर्मा एवं शुभम शर्मा ने प्रभात फेरी के मुख्य यजमान और मीनाक्षी देवी, राजकुमार शर्मा परिवार द्वारा ठाकुरजी व निशान का पूजन करके तथा गीता पाठ के साथ शुभारंभ किया। महिला संगठन की सदस्य सुमित्रा सैनी ने भजन के माध्यम से प्रभात फेरी का शुभारंभ किया। संगठन के संचालक घनश्याम गर्ग ने बताया कि चार जनवरी को संगठन द्वारा वृन्दावन और बरसाना की परिकर्मा करी जाएगी। जिसके लिए एक नवंबर से बस की बुकिंग शरू हो जाएगी। इच्छुक व्यक्ति संगठन से संपर्क करके अपनी सीट बुक करा सकता है।

### महाराजा शूर सैनी जयंती समारोह 16 को

**नारनौल।** हरियाणा सरकार इस बार महाराजा शूर सैनी जयंती के राज्य स्तरीय समारोह को नारनौल में आयोजित करने जा रही है। संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत आगामी 16 नवंबर को प्रस्तावित इस समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि होंगे। इसी कार्यक्रम की तैयारी को लेकर उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने नई अनाज मंडी में कार्यक्रम स्थल का दौरा किया। उपायुक्त ने बताया कि इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम को भव्य रूप दिया जाएगा। इसमें प्रदेश के सभी जिलों से नागरिक पधारेंगे। सभी नागरिकों के लिए कार्यक्रम स्थल पर हर प्रकार की बेहतरीन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरे के संबंध में उपायुक्त ने सभी व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम है।

### रामलीला परिषद में किया सुंदरकांड पाठ

**महेंद्रगढ़।** श्री रामलीला परिषद प्रांगण स्थित सिद्धपीठ बालाजी मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए परिषद के वरिष्ठ कलाकार राजेंद्र यादव पोपली व नगर पालिका के पूर्व प्रधान रामचंद्र जांगड़ा ने बताया कि प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को परिषद प्रांगण में बालाजी मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ आयोजित किया जाता है। शनिवार को किए गए पाठ में ठेकेदार विशाल कोका मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे। पंडित गौरव शास्त्री ने विधिविधान से पूजन करवाकर पाठ का शुभारंभ करवाया।

### राजकीय वरिष्ठ विद्यालय में लगा एनएसएस कैंप

**महेंद्रगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोथलकला में रविवार को एक दिवसीय एनएसएस कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। शिविर का आयोजन पीजीटी भूगोल पूजा यादव के निर्देशन में किया गया। विद्यालय के प्राचार्य दयानंद ने बताया कि विद्यालय में एक दिवसीय एनएसएस कैंप के अन्तर्गत विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में स्वच्छता कार्य में अपना श्रमदान किया व सभी छात्रों ने मिलकर विद्यालय परिसर की साफ सफाई कर पेड़ पौधों में पानी डाला।

### जिला अध्यक्ष ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**कनीना।** भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव एडवोकेट ने गांव ककराला में बूथ नंबर 71 पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि भाजपा की केंद्र एवं प्रदेश सरकार जनहित को ध्यान में रखकर जन कल्याणकारी नीतियां लागू कर रही है। लाडो लक्ष्मी योजना महिलाओं के लिए महत्वाकांक्षी योजना है जिससे उन्हें आर्थिक रूप से बल मिलेगा। सरकार शिक्षा, चिकित्सा एवं रोड के नेटवर्क को दुरूस्त करने में लगी हुई है।

# चार महीने बाद बजेंगी शहनाइयां, शादी, मुंडन संस्कार गृहप्रवेश आदि सभी मांगलिक कार्य फिर से होंगे शुरू

## देवउठनी एकादशी 2 नवंबर को, लंबी प्रतीक्षा कर रहे लोगों का इंतजार समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

विवाह शादियों के लिए लंबे से प्रतीक्षा कर रहे लोगों की अब इंतजार की घड़ियां समाप्त होने वाली है। शादी-विवाह जैसे शुभ-मांगलिक कार्यों का सिलसिला जल्दी ही शुरू होने वाला है। कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को भगवान विष्णु योग निद्रा से जाग जाएंगे, यानी देव उठ जाएंगे। इस के साथ ही चातुर्मास भी समाप्त हो जाएगा। ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल भारद्वाज गढ़ी ने बताया की दो नवंबर रविवार को देवउठनी एकादशी रहेगी। देवउठनी को अबूझ सावा मुहूर्त रहेगा, यानि बिना कोई मुहूर्त का विचार करे विवाह या कोई शुभ कार्य कर सकते है। इस दिन से चार माह से रूकी शहनाई फिर से गूंजने लगेंगी और शादी-विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश आदि सभी मांगलिक शुभ कार्य फिर शुरू हो जाएंगे। इस एकादशी को प्रबोधिनी या देवोत्थान एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। एकादशी के दिन भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। एकादशी का उपवास रखा जाता है। उन्होंने बताया कि ऐसा करने से भक्तों की सभी सभी मनोकामना पूरी होती हैं और अंत में वैकुंठ लोक की प्राप्ति होती है। मुहूर्तः नवंबर- देवउठनी के अबूझ मुहूर्त के अलावा 22, 23, 25, 27, 29 व 30 नवंब, दिसंबर में केवल एक ही मुहूर्त है पांच दिसंबर का है। 16 दिसंबर से 14 जनवरी मकर संक्रांति तक मल मास रहेगा। इस दौरान मांगलिक कार्यों, विवाह शादियों पर विराम रहेगा।

### इस दिन तुलसी विवाह का भी विधान हैः



भारद्वाज गढ़ी ने बताया की इस दिन तुलसी विवाह का भी बहुत अधिक महत्व बताया गया। इस एकादशी के दिन भगवान विष्णु के शालिग्राम स्वरूप का माता तुलसी के साथ विवाह कराया जाता है। मान्यता है कि तुलसी विवाह संपन्न करवाने से कन्यादान के समान फल की प्राप्ति होती है और मोक्ष के द्वार खुल जाते हैं। साथ ही तुलसी जी व शालिग्राम की कृपा से विवाह में आने वाली बाधाएं भी दूर होती हैं। शादीशुदा जीवन में भी खुशियां बनी रहती हैं। जिस किसी के कन्या न हो तो उसे तो तुलसी विवाह करके कन्या दान का पुण्य जरूर कमाना चाहिए।

### शुक्र होगा अस्त

भारद्वाज ने बताया कि आठ दिसंबर को शुक्र अस्त हो जाएगा। शुक्र अस्त का मतलब है कि शुक्र ग्रह सूर्य के बहुत करीब होने के कारण। इसका प्रभाव कम हो जाता है। ज्योतिष के अनुसार, जब शुक्र अस्त होता है, तो विवाह और अन्य शुभ व मांगलिक कार्यों को रोक दिया जाता है, क्योंकि यह सुख-समृद्धि और भौतिक सुखों के कारक ग्रह के प्रभाव में कमी को दर्शाता है। इसलिए विवाह शादियों के कार्यक्रम फिर से रुक जाएंगे। इसके बाद शुक्र चार फरवरी 2026 को उदय होंगे। तब से विवाह मुहूर्त शुरू होंगे।

### ये हैं शुभ मुहूर्त

विवाह में शुभ मुहूर्त देखना सबसे महत्वपूर्ण होता है। शुभ मुहूर्त में किया गया विवाह अखंड होता है और वैवाहिक जीवन हमेशा सुख, समृद्धि, संपन्नता तथा प्रेम से भरा रहता है और वैवाहिक जीवन में कभी कोई समस्या नहीं आती। इसलिए विवाह पंचांग अनुसार शुभ मुहूर्त में ही करना चाहिए।

### गोशाला में गोपाष्टमी उत्सव 29 को

**नारनौल।** आदर्श गोशाला में 29 अक्टूबर को गोपाष्टमी उत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सांसद चौ. धर्मबीर सिंह मुख्यातिथि, पूर्व मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा एवं विधायक कंवर सिंह यादव विशिष्ट अतिथि, मार्केट कमेटी चेयरमैन भागीरथ सिंह शेखावत एवं पंजाब हरियाणा हाइकोर्ट बार काउंसिल मेंबर एडवोकेट बलबीर सिंह शेखावत तथा समाजसेवी ओमप्रकाश फौजी अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर सुबह हवन एवं गोपूजन, अतिथियों का स्वागत तथा मास्टर कमल शेखावत, हरिसिंह गुर्जर, बालीनाथ, दीपक पारीक एवं बबली शर्मा आदि लोकगायकों द्वारा धार्मिक व हरियाणवी लोकगीत प्रस्तुत किए जाएंगे।

## महेंद्रगढ़ की बड़ी आबादी का राजस्थान के गांवों से है नाता, क्षेत्र के लोगों को होगा लाभ

# खातोद तक बनेगी नई सड़क, जर्जर मार्ग को उखाड़ने का कार्य शुरू

- 4.44 करोड़ की लागत से खातोद तक बनाई जाएंगी नई सड़क, राजस्थान से मजबूत होगी जिले की कनेक्टिविटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

लंबे समय से जर्जर हालात में पड़ी महेंद्रगढ़-खातोद मार्ग पर पीडब्ल्यूडी विभाग चार करोड़ 44 लाख रुपये की लागत से सड़क का निर्माण किया जाएगा। विभाग की ओर से बुडीन से बलायचा मोड़ तक की जर्जर सड़क जेसीबी मशीन की सहायता से तोड़ना प्रारंभ कर दिया है। इस सड़क का निर्माण होने से हजारों ग्रामीणों व विद्यार्थियों को काफी फायदा मिलेंगा। इसके अलावा सड़क बनने के बाद न केवल जिले के सात गांवों को सीधा लाभ मिलेगा, बल्कि राजस्थान से जिले की कनेक्टिविटी भी काफी हद तक मजबूत हो जाएगी। विभाग की ओर से फिलहाल जर्जर सड़क को उखाड़ना प्रारंभ कर दिया। विभाग की ओर से जल्द ही इसका निर्माण करवाया जाएगा। बता दें कि महेंद्रगढ़-खातोद मार्ग लंबे समय से खराब स्थिति में है। जगह-जगह बने गड्ढों और उखड़ी हुई सड़क के कारण वाहन चालकों व राहगीरों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। बरसात के दिनों में स्थिति ओर भी बिगड़ जाती थी। गड्ढों में पानी भर जाने से यह सड़क तालाब का रूप ले लेती थी। ऐसे हालात में ग्रामीणों के लिए शहर आवागमन बेहद कठिन हो जाता था। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की दुर्दशा से न केवल समय की बर्बादी होती थी, बल्कि हादसा होने का ड़र बना रहता था। ग्रामीण लंबे समय से इस सड़क का निर्माण करने की मांग कर रहे थे, लेकिन जिला प्रशासन की ओर से कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिल रहा था। अब सरकार की ओर से सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति मिलने से उम्मीद जगी है कि आने वाले समय में उनका सफर आसान होगा। सड़क बनने से जिले व राजस्थान के बीच रिश्तेदारी और व्यापारिक आवागमन भी आसान होगा। महेंद्रगढ़ की बड़ी आबादी का राजस्थान के गांवों से नाता जुड़ा हुआ है।




**महेंद्रगढ़।** विभाग द्वारा बुडीन से बलायचा मोड़ तक की तोड़ी गई सड़क।

### सड़क उखाड़ने का कार्य शुरू

लोक निर्माण विभाग के जेई अनिल कुमार ने बताया कि इस मार्ग पर सड़क निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। सड़क के निर्माण में चार करोड 44 लाख रुपये की लागत आएंगी। विभाग का लक्ष्य है कि काम को तय समय सीमा में पूरा किया जाए। गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को आने वाले कई वर्षों तक परेशानी का सामना न करना पड़े। विभाग की ओर से जर्जर सड़क को उखाड़ने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

### सात गांवों को मिलेगा सीधा फायदा

टूटी सड़क के कारण सात गांवों के ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी। जिले के अंतिम छोर पर स्थित गांव सोलहा, बोहरा की ढाणी, बुडीन, बलायचा, निम्बेहड़ा, खातोद के ग्रामीण को महेंद्रगढ़ शहर पहुंचने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी। इन गांवों से प्रतिदिन काफी संख्या में विद्यार्थी व नौकरीपेशा करने के लिए शहर के आते है। टूटी सड़क के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी। सड़क का निर्माण होने के बाद ग्रामीण आसानी से महेंद्रगढ़ शहर आ सकेंगे। इसके अलावा यहां के लोगों के पारिवारिक व सामाजिक रिश्ते राजस्थान से जुड़े हुए हैं। बड़ी संख्या में लोग रोजाना राजस्थान आते-जाते हैं, लेकिन टूटी सड़क के कारण आवागमन में काफी परेशानी हो रही थी। नई सड़क बनने के बाद जिले व राजस्थान के बीच आवागमन तेज और सुगम हो जाएगा।



**नारनौल।** सभा की कार्यकारिणी को कार्यभार व प्रमाणपत्र सौंपते हुए।

# श्री गौड़ ब्राह्मण सभा की कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

श्री गौड़ ब्राह्मण सभा के त्रिवार्षिक चुनाव में बाद आज सभा के मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को विधिवत कार्यभार सौंप दिया। मुख्य चुनाव अधिकारी ने श्री गौड़ ब्राह्मण सभा के प्रधान राकेश महता को जिला पंजीयक फर्म एवं समिति द्वारा जारी अनुमोदन प्रमाण पत्र सौंपा।

गौरतलब हो कि श्री गौड़ ब्राह्मण सभा के 88 कॉलिजियम सदस्यों का चुनाव 13 जुलाई 2025 को व कार्यकारिणी के चुनाव दो अगस्त 2025 को सम्पन्न हो चुके हैं। उसके बाद मुख्य चुनाव अधिकारी मनीष वशिष्ठ द्वारा हरियाणा समतियां पंजीकरण एवं विनियमन अधिनियम 2012 के प्रावधानों के तहत निर्वाचित कॉलिजियम सदस्यों एवं निर्वाचित कार्यकारिणी का अनुमोदन भी करवा दिया।

### लेखा जोखा प्रस्तुत

*मनीष वशिष्ठ ने चुनावी प्रक्रिया का लेखा जोखा भी प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि 18 हजार 300 रुपये आवेदन शुल्क विक्रय से, दो लाख 79 हजार 300 रुपये कॉलिजियम सदस्यों के चुनाव के नामांकन शुल्क से तथा 32 हजार 500 रुपये कार्यकारिणी के चुनाव के नामांकन शुल्क से प्राप्त हुए। इस प्रकार कुल तीन लाख 30 हजार एक सौ रुपये की प्राप्ति हुई। कॉलिजियम सदस्यों के चुनाव से लेकर कार्यकारणी पद के चुनाव तक करीब दो महीने चली चुनावी प्रक्रिया में मात्र 60 हजार 830 रुपये का खर्चा हुआ। उन्होंने बताया कि चुनाव के निमित्त प्राप्त राशि से चुनाव समन्न करवा कर दो लाख 69 हजार दो सौ 70 रुपये सभा को बचत भी दे दी। उन्होंने बताया कि भले ही उन्होंने चुनावी खर्चे में मित्तव्ययता की हो, किन्तु इस मित्तव्ययता में कृपणता नहीं थी।*

# देवेश बने प्रधान, चरण सिंह जिला मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला मे कार्यरत क्रिड पंचायत लोकल ऑपरेटर की बैठक सुभाष पार्क में भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री हरकेश की अध्यक्षता मे हुई। हरकेश ने भारतीय मजदूर संघ की रीति नीति के बारे मे विस्तार से बताते हुए कहा कि भारतीय मजदूर संघ हमेशा राष्ट्र हित, उद्योग हित और कर्मचारी हित को लेकर कार्य करता है। इस दौरान सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें देवेश को जिला अध्यक्ष, धर्मबीर व ममता को उपाध्यक्ष, चरण सिंह को जिला मंत्री, पुष्पा को जिला सहमंत्री, विजयपाल को कोषाध्यक्ष, दिनेश जांगिड़ को सह कोषाध्यक्ष, नवनीत को प्रैस सचिव तथा विपिन चंद्रपाल को संगठन मंत्री चुना गया। बीएमएस के जिला अध्यक्ष हरकेश ने हरियाणा पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटर यूनियन जिले की नई कार्यकारिणी को बधाई दी और मिलजुल कर संगठन को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया।

नवनियुक्त जिला अध्यक्ष देवेश ने बताया कि सरकार द्वारा प्री एग्जाम क्लियर करने पश्चात मेन एग्जाम जिसमें नेगिटिव मार्किंग भी थी को पास करने उपरांत सीपीएलओ के पद पर नियुक्ति दी गई थी। लेकिन जब हमें वेतन दिया गया तो मात्र छह हजार रूपये ही दिया गया जो कि बेरोजगारी भत्ते से भी कम है। उन्होंने कहा कि हमारे पदों को पंचायत विभाग मे समायोजित किया जाए तथा तकनीकी स्केल वेतन प्रदान किया जाए। जिला मंत्री चरण सिंह ने कहा है कि प्रत्येक सीपीएलओ ग्राम पंचायत का सम्पूर्ण ऑनलाइन कार्य जैसे पंचायत का लेखा जोखा, ई ग्राम स्वराज पोर्टल, लाडो लक्ष्मी योजना, पंचायत सम्पति सर्वे इत्यादि सभी महत्वपूर्ण कार्य करता है और बदले मे नाममात्र वेतन दिया जाता है, जिससे हमारा आर्थिक शोषण के साथ-साथ सामाजिक शोषण भी सहना पड़ता है। अगर सरकार जल्दी ही कर्मचारियों की मांगो को पूरा नहीं करती है तो भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में कर्मचारी प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन करेंगे। इस अवसर पर नरेंद्र कुमार, दिनेश, अजय, धर्मेंद्र कुमार, सतपाल सिंह, मनोज, ज्योति, रिया, अनूप, मनीष, नीरज, विकास, भीम सिंह, शेखर, अंकित, जयप्रकाश, सोनू कुमार, प्रदीप, कान्वी आदि उपस्थित रहे।



**नारनौल।** बैठक में भाग लेते कार्यकारिणी के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# माटी कलश यात्रा की तैयारियां हुई तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

1962 भारत चीन युद्ध के अमर शहीदों की शहादत माटी की रेजांगला शहादत माटी कलश यात्रा बिहार से 23 अप्रैल को शुरू हुई थी। यह यात्रा 19 प्रदेशों से होते हुए एक नवंबर को हरियाणा में प्रवेश करेंगी। दो नवंबर को महेंद्रगढ़ में राव तुलाराम स्थित पाल पैलेस में युद्ध वीरांगनाओं का सम्मान सभा के साथ यात्रा शहर के बालाजी चौक, परशुराम चौक, मसानी चौक, गोशाला रोड मालडा गांव होते हुए गांव झूक में इसका समापन होगा। अखिल भारतीय यादव महासभा के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश अध्यक्ष राव रमेश पायलट ने बताया कि हरियाणा के वीर रेजांगला शहीदों में रेवाड़ी -26, महेंद्रगढ़- 16, गुड़गांव- 7, झज्जर- चार, दादरी- तीन, भिवानी- दो व सोनीपत से दो थे। अन्य प्रदेशों से वीर रेजांगला शहीदों में राजस्थान- 25, उत्तर प्रदेश- 24 व पंजाब से एक वीर शहीद था। एक परमवीर चक्र एवं आठ वीर चक्र एवं छह सेना मेडल से नवाजे गए इन महान वीरों को भारत सरकार ने शूरवीरों में अति शूरवीर वीर अहीर खिताब से नवाजा। उन्होंने बताया कि 31 अक्टूबर को राजस्थान-हरियाणा सीमा पर हरियाणा यादव महासभा के पदाधिकारीगण राजस्थान यादव महासभा के पदाधिकारियों से कलश ग्रहण करेंगे। एक नवंबर को अहीरवाल की राजधानी रेवाड़ी शहर में रेजांगला स्मारक पर शहीदों को नमन एवं युद्ध वीरांगनाओं को सम्मानित कर कलश यात्रा पूरे शहर का भ्रमण करेगी। दो नवंबर को महेंद्रगढ़ के पाल पैलेस पर शहीदों को नमन एवं सभा व युद्ध विरांगनाओं को सम्मानित कर राव तुलाराम चौक से पूरे शहर का भ्रमण करते हुए ग्राम मालड़ा होते हुए ग्राम झूक में यात्रा का समापन होगा। तीन नवंबर को नारनौल के नसीबपुर युद्ध स्मारक से यात्रा शुरू होकर शहर का भ्रमण करते हुए यादव धर्मशाला में एक सभा के साथ कलश यात्रा का समापन होगा।



**महेंद्रगढ़।** गांवों का दौरा करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## यदुवंशी में इंटर स्कूल भाषण प्रतियोगिता आयोजित, छात्रों ने दिखाई प्रतिभा




महेंद्रगढ़। यदुवंशी स्कूल में रविवार को इंटर स्कूल हिन्दी व इंग्लिश भाषण प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें यदुवंशी स्कूल की सभी शाखाओं के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपने प्रभावशाली भाषणों से सबका मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने सामाजिक, शैक्षिक, देश प्रेम व नैतिक विषयों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में निर्णायकों ने परिणाम घोषित किए गए। जिसमें कक्षा नौवीं से 12वीं हिन्दी भाषण प्रतियोगिता में नेन्सी यादव महेंद्रगढ़ प्रथम, प्राची महेंद्रगढ़ ने द्वितीय, कनीका हांसी व जानवी कनीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा छठी से आठवीं हिन्दी भाषण प्रतियोगिता में लीना कोसली प्रथम, धीरज ढाणी माउ द्वितीय, कासवी ढाणी माउ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा दूसरी से पांचवीं हिन्दी भाषण प्रतियोगिता में वैभव सोहली प्रथम, वीराजा महेंद्रगढ़ द्वितीय, गर्वित नारनौल व पीयूष सोहली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। अंग्रेजी भाषा प्रतियोगिता कक्षा नौवीं से 12वीं में निधि नारनौल, जागृति सोहली, पंकज ढाणी माउ ने प्रथम, वंशिका महेंद्रगढ़, प्रियांशु ढाणी माउ, जिया रेवाड़ी ने द्वितीय, मेघना मंदोला, सुमित हांसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा छठी से आठवीं तक नव्या सोहली, साक्षी कोसली ने प्रथम, अवनी सतनाली ने द्वितीय, हर्षिता कनीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दूसरी से पांचवीं में रिषभ प्रथम व जैविका नारनौल द्वितीय, परिक्षिता हांसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## रेलमंत्री को भेजा ज्ञापन

# वंदे भारत की जगह साधारण ट्रेन चलाने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

रेवाड़ी वाया महेंद्रगढ़ रेलवे मार्ग पर वंदे भारत ट्रेन की जगह साधारण वंदे भारत ट्रेन चलाने को लेकर दैनिक रेलयात्री महासंघ ने रविवार को रेलमंत्री के नाम स्टेशन मास्टर कर्मवीर को एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर दैनिक रेलयात्री महासंघ अध्यक्ष रामनिवास पाटोदा ने बताया कि रेलवे बोर्ड की ओर से बीकानेर से दिल्ली तक नई वंदे भारत ट्रेन चलाई गई है। यह ट्रेन दिल्ली से वाया, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, लोहारू, सादलपुर, चुरू, रतनगढ से होते हुए बीकानेर पहुंचती है। इस ट्रेन का महज कुछ ही स्टेशनों पर ठहराव किया गया है, जबकि दिल्ली से बीकानेर के बीच बहुत कम ट्रेनों का संचालन हो रहा है। उन्होंने कहा कि दैनिक यात्री महासंघ का सुझाव है कि वंदे भारत ट्रेन की जगह साधारण वंदे भारत ट्रेन का संचालन किया जाएं तथा साथ इसका चंडीगढ़ तक विस्तार किया जाए। साधारण वंदे भारत ट्रेन का संचालन शुरू होने के बाद दिल्ली, हरियाणा व राजस्थान प्रदेश के लोगों को ज्यादा फायदा मिलेगा।



**महेंद्रगढ़।** स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते दैनिक रेलयात्री महासंघ के सदस्य।

### सुबह सायं किया जाए ट्रेनों का संचालन

वहीं इस रूट पर चलने वाली सभी एक्सप्रेस व सुपरफास्ट गाड़ियों का केवल रात्रि को संचालन हो रहा है। इसलिए यहां की जनता रेल सेवा से वंचित रह जाती हैं। दैनिक रेल यात्रियों का कहना है कि इस रूट पर सुबह-शाम यात्रियों के अनुसार ट्रेनों का संचालन शुरू किया जाए। यात्री अपनी रोजी-रोटी के लिए कंपनियों में काफी संख्या में कार्यरत हैं। ट्रेनों का समय सही नहीं होने पर प्राईवेट वाहनों में अधिक किराया देकर यात्रा करने को मजबूर हैं। जिससे समय व धन की बबार्दी होती हैं।

# दिग्विजय चौटाला की मौजूदगी में दर्जनों युवा जजपा में शामिल



**नारनौल।** दिल्ली के असोला फार्म में में जजपा पार्टी का पट्का पहनाकर युवाओं को शामिल करते दिग्विजय चौटाला। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

महेंद्रगढ़ जिले के दर्जनों युवाओं ने जननायक जनता पार्टी का दामन थाम लिया। दिल्ली के असोला फार्म में आयोजित इस कार्यक्रम में युवाओं का यह सामूहिक प्रवेश जेजेपी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर जेजेपी के जिला प्रवक्ता विजय छिलरो ने बताया कि नारनौल क्षेत्र से जुड़े कई युवा साथियों ने रविवार पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। पार्टी में शामिल होने वालों में प्रमुख रूप से धर्मेन्द्र, देवेंद्र, साहिल, नवीन, रोहित, हरीश, मनोज, योगेश, राजपाल, सुरेंद्र, राजकुमार, जगदीप, संजय, विजेन्द्र, प्रदीप और रोटाश शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने कहा कि वे पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की सोच से प्रभावित हैं, जिन्होंने प्रदेश के युवाओं के लिए निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत रोजगार आरक्षण का वादा किया था और उसे पूरा भी किया। इस अवसर पर कुलदीप जांगड़ा और योगी आदलपुर के प्रयासों से यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। दोनों नेताओं ने नए कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि जेजेपी परिवार में शामिल होकर युवाओं ने सही निर्णय लिया है।

## खबर संक्षेप



### टीपीएफ तेरापंथ की गौरवशाली संस्था

**भिवानी।** आचार्य महाश्रमण की सुशिष्या शासन श्री साध्वी तिलक श्री के सानिध्य में तेरापंथ प्रोफेशनल फॉर्म का शपथ ग्रहण तेरापंथ भवन में आयोजित किया गया । साध्वी तिलक श्री ने अपने आशीर्वचनों में कहा कि तेरापंथ प्रोफेशनल फॉर्म के सभी सदस्य समाज की सेवा करके एक उदाहरण पेश कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि इस संगठन में चिकित्सक ,एडवोकेट सी ए आदि मिलकर एक और जहां जरूरतमंद लोगों की सहायता का काम कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान एवं उत्साह वर्धन भी कर रहे हैं।

### विलेज लीगल केयर एंड सपोर्ट सेंटर किए स्थापित

**लोहारू।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा लोहारू उपमंडल के गांव सोहासड़ा तथा बहल के पंचायत घरों में नवंबर माह के लिए विलेज लीगल केयर एंड सपोर्ट सेंटर स्थापित किए गए हैं। इन लीगल पॉलीक्लिनिक में सायं दो बजे से पांच बजे तक पैनल अधिवक्ता और अधिकार मित्र (पीएलवी) प्रत्येक रविवार लोगों को कानूनी सेवाएं दी जाएगी।

### झुग्गी झोपडियों में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**भिवानी।** विश्व मानव रूहानी केन्द्र भिवानी द्वारा मनत अस्पताल से प्रशासनिक अधिकारी डा. सुनीता दुहन की देखरेख में बैंक कालोनी स्थित त्रिवेणी बस्ती की झुग्गी झोपडियों में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सकों की टीम ने 118 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें बदलते मौसम में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

### ग्राम विकास मंडल की विशेष बैठक आयोजित

**बवानीखेड़ा।** मिलकपुर स्थित ग्राम विकास मंडल द्वारा एक विशेष बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी 1 नवंबर 2025 को होने वाले 'सीईटी बेस्ड एग्जाम' एवं 'प्रतिभा खोज परीक्षा' के आयोजन पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में परीक्षा की तैयारी, विद्यार्थियों के लिए सीटिंग प्लान तथा आयोजन की व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया गया।

## भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वदेशी पर जोर दिया

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना पीएम मोदी का मन की बात कार्यक्रम

**सभी कार्यकर्ताओं ने 'मन की बात' में दिए गए संदेशों को आत्मसात करने और उन्हें जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया**

**तीनों नेताओं ने मन की बात कार्यक्रम को राष्ट्रहित के विचारों को साझा करने का सशक्त माध्यम बताया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा में रविवार को सभी बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोकप्रिय ''मन की बात'' कार्यक्रम का 127 वां ऐपीसोड़ सुना गया। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह, प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने भिवानी शकुंतला गार्डन में कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस मौके पर सभी कार्यकर्ताओं ने 'मन की बात' में दिए गए संदेशों को आत्मसात करने और उन्हें जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

राष्ट्रीय महामत्री अरूण सिंह, प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया और प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने पीएम मोदी के इस लोकप्रिय कार्यक्रम को देशभर में जनजागरण और राष्ट्रहित के विचारों को साझा करने का एक सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री मोदी के संदेशों को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वदेशी पर जोर दिया है। श्री सिंह ने कहा कि स्वदेशी ही आत्मनिर्भर भारत की नींव है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाकर ही देश को आर्थिक रूप से मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जब हम स्वदेशी अपनाते हैं, तो हम अपने देश की मिट्टी से जुड़ते हैं, अपने लोगों की मेहनत को सम्मान देते हैं और अपने देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम बढ़ाते हैं।



भिवानी। पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनते नेता। फोटो : हरिभूमि

**संस्कृति पर गर्व होना चाहिए**

भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश की संस्कृति की बात करते हैं। आज भी प्रधानमंत्री मोदी ने छठ महापर्व को सामाजिक एकता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि हमें अपनी संस्कृति पर गर्व होना चाहिए, क्योंकि यह हमारी पहचान है। अपनी संस्कृति को बनाए रखना एक जिम्मेदारी है। संस्कृति हमें एक-दूसरे का सम्मान करना सिखाती है और सहिष्णुता को बढ़ावा देती है।

**'मन की बात' कार्यक्रम से मिलती है दिशा**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि पीएम मोदी का मन की बात कार्यक्रम प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम से हमें एक दिशा मिलती है। श्री बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हर क्षेत्र और हर विषय पर देशवासियों का इस कार्यक्रम के जरिए मार्गदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री ने जनता के बीच संवाद का सीधा सेतू बनाया है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक, जिला महामंत्री रमेश पचेरवाल, रेखा राघव, जिला मीडिया प्रभारी राकेश मिश्रा, मीना परमार आदि रहे।

## पीएम मोदी ने मन की बात एपिसोड में पर्यावरण संरक्षण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 127वें एपिसोड को बहल भाजपा कार्यकर्ताओं ने आमजन के साथ सुना। कार्यकर्ताओं ने कहा कि पीएम ने एपिसोड में लोगों को वंदे मातरम और सरदार पटेल की जयंती के बारे में बताकर उनमें देशभक्ति की भावना का संचार किया। वहीं अंबिकापुर में प्लास्टिक हटाओ अभियान की जानकारी देकर पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। रविवार को पीएम मोदी के कार्यक्रम को सुनने के बाद भाजपा वरिष्ठ नेता पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल, मुकेश सुरपुरिया, प्रमोद अग्रवाल, हनुमान शर्मा पाजू, सज्जन फौजी बिधनोई, अजय श्योराण बिधनोई, पवन शर्मा सुरपुरा, रामसिंह सेरला, रामवतार बंसल ईशरवालिया, मनोज गोयल सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने कहा कि पीएम मोदी ने इस एपिसोड में लोगों को देशभक्ति का संचार करने वाले वंदे मातरम गीत के 7 नवंबर को 150 वर्ष पूरे होने के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि इस गीत ने देशवासियों को एकता की उर्जा से भरने का काम किया है। वहीं अखंड राष्ट्र बनाने के लिए छिन्न भिन्न 562 रियासतों को एकत्रित करने वाले लौह पुरूष सरदार पटेल की 31 अक्टूबर की जयंती को याद दिलाया और उसे धूमधाम से मनाने का आग्रह किया। अग्रवाल ने कहा कि पीएम मोदी ने संस्कृत भाषा की महत्ता एवं वर्तमान में उसके प्रचार प्रसार में जुटे लोगों का उत्साह बढ़ाया। देश में त्योहारी रौनक में छठ पूजा पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने को प्रेरित किया। उन्होंने पर्यावरण बचाने के लिए हरियाली बढाने और अंबिकापुर में प्लास्टिक अभियान जैसे कार्यक्रम चलाने के लिए मनोबल बढ़ाया।



बहल।भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम सुनते हुए भाजपा नेता गजानंद अग्रवाल। फोटो : हरिभूमि

## स्वच्छ पेयजल उपलब्धता पर एचसीएस मनोज दलाल का भाषण अव्वल रहा

**बाढड़ा।** प्रदेश के जल, शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में गिरते स्तर में सुधार के लिए यूपी के वाराणसी में नीति आयोग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आकांक्षी सेमिनार में हरियाणा की तरफ से भागीदारी करते हुए गांव कारी धारणी निवासी एचसीएस मनोज दलाल ने बाढड़ा, लोहारु व बहल आकांक्षी क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल उपलब्धता पर भाषण देकर अव्वल स्थान हासिल किया। केन्द्र सरकार के नीति आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश की ज्ञान नगरी वाराणसी में आयोजित राष्ट्रीय आकांक्षी सेमिनार में हरियाणा की तरफ से पलवल के उपायुक्त ने शिक्ष क्षेत्र, नुह के डीसी ने सामाजिक भागीदारी व गांव कारी धारणी निवासी एचसीएस लोहारु के एसडीएम मनोज दलाल ने स्वच्छ जल का मानव जीवन में जरुरत पर भाषण देने की जि मेवारी सौंपी गई। एचसीएस मनोज दलाल ने दक्षिणी हरियाणा के बाढड़ा, लोहारु व बहल जिनको केन्द्र सरकार ने आकांक्षी योजना में चयनित किया है उनमें पानी के नहरी व भूमिगत हालात व जरुरत को लेकर विस्तारपूर्वक तथ्यों व आंकड़ों सहित जानकारी सांझा की। उन्होंने बताया कि भूमिगत जलस्तर की गुणवता में लगातार गिरावट एक चिंतनीय विषय है और उसपर खेतीबाड़ी कर भूमि की सतह में परत पैदा करना हो या दैनिक जीवन में पेयजल के लिए प्रयोग करना शरीर के लिए हानिकारक है। नहरी पानी में बड़े बड़े प्रोजेक्टों से ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी तक की व्यवस्था की बजाए हमें नहरी पानी के साथ साथ बरसाती पानी की स्वच्छता, सुलभता पर विस्तारपूर्वक ध्यान देना जरुरी है। प्रतिवर्ष सरकार जल बचाने के मिशन पर भले ही करोड़ों रुपये जागरुकता के नाम पर खर्च कर रही हो लेकिन सार्थक परिणाम न आना एक गंभीर चुनाती है जो मौजूदा व भविष्य के लिए बड़े खतरे की घंटी है। उनके स्वच्छ पेयजल उपलब्धता पर भाषण देकर अव्वल स्थान हासिल किया जिसपर भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनको स मानित किया।

## विदेशों में नेचुरल और फर्टिलाइजर की डिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री शोभा करंदलाजे ने कहा कि एमएसएमई में कुछ भी बनाएं, हमारा लक्ष्य एक्सपोर्ट के लिए क्वालिटी की चीजों का उत्पादन होना चाहिए। विदेशों में नेचुरल और फर्टिलाइजर रहित चीजों की डिमांड हैं। इसका हमें ध्यान रखना होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि देश के छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काम कर रहे हैं। यह बात उन्होंने रविवार को यहां लीला होटल में राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन की ओर से आयोजित एमएसएमई बिजनेस समिट एवं उद्यम अवार्ड समारोह को संबोधित करते हुए कही।



भिवानी। समारोह को संबोधित करती एक वक्ता। फोटो : हरिभूमि

**डॉ. डीपी गोयल को किया सम्मानित**

इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद राज बब्बर ने डिजिटल स्पीच दी। इस समिट में प्रदेशभर के व्यापारी प्रतिनिधियों ने शिरकत की। इस अवसर पर उद्योगपति राजेंद्र बंसल एवं डा. डी.पी. गोयल को केंद्रीय मंत्री द्वारा सर्वश्रेष्ठ उद्यम अवार्ड दिया गया। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री शोभा करंदलाजे का समारोह में पहुंचने पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता, राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला, प्रदेश महासचिव पवन अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष गुलशन डंग ने स्वागत किया। इस अवसर पर नेशनल ट्रेड वेलफेयर बोर्ड के सदस्य अजय बनारसी दास गुप्ता, उद्यमी पंकज डावर, नवीन गोयल, डा. डी.पी. गोयल, अभय जैन एडवोकेट, देवराज मेहता, अंकुश जैन, जे.एन. मंगला, सुमित राव समेत प्रदेशभर से उद्योगपति मौजूद रहे।



रक्तदाताओं को सम्मानित करते रक्तवीर राजेश डूडेजा। फोटो : हरिभूमि

## शिक्षिका प्रोमिला वर्मा सहित दो युवाओं ने किया रक्तदान

**भिवानी।** आपातकालीन स्थिति में रक्तदान करना न केवल जरूरतमंदों की जान बचाने में सहायक होता है, बल्कि ये समाज में एकजुटता एवं मानवीय मूल्यों को भी बढ़ावा देता है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्तियों को नियमित रूप से रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए, ताकि संकट की घड़ी में किसी जरूरतमंद मरीज की जान बचाई जा सके। इसी कड़ी में शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने बताया कि रोहतक रोड पर निजी अस्पताल में दाखिल मौसमी बुखार से ग्रस्त महिला के लिए बी पॉजीटिव फ्रेश ब्लड की तीन यूनिट की जरूरत होने पर परिजनों को कही भी प्लेटलेट्स नहीं मिली। उन्होंने शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा से संपर्क किया तो डूडेजा ने अपने ग्रुप के सक्रिय रक्तदाताओं को सूचना दी। इस मौके पर नियमित रक्तदाता अध्यापिका प्रोमिला वर्मा ने 9वीं बार, रक्तदाता अजय व विजय ने रक्तदान कर मरीज की जान बचाने का कार्य किया। डुडेजा ने कहा कि नियमित तौर पर रक्तदान करने से समाज व जरूरतमंद लोगों के प्रति अपनी सामाजिक व नैतिक जिम्मेवारी का निर्वहन करने का मौका मिलता है।

## बिजली पैंशनर्ज को प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित



बिजली पैंशनर्ज को सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

**भिवानी।** जाट धर्मशाला में हरियाणा बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन यूनिट भिवानी द्वारा वरिष्ठ बिजली पेंशनर सम्मान समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया,जिसमें मुख्यतिथि केके वर्मा व अध्यक्ष रविंद्र शर्मा रहे। केंद्रीय परिषद से जगदीश राय शर्मा व राजेंद्र वशिष्ठ तथा अन्य यूनिटों के सदस्यों ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में 80 वर्ष से ऊपर आयु वाले 13 और 1958-59 में जन्मे 48 वरिष्ठ पेंशनर्स तथा 17 महिला सदस्यों को फूलमाला प्रशस्ति पत्र घड़ी, मेडल और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं विशेष योगदान देने वाले चार सदस्यों को भी सम्मानित किया। मुख्यतिथि केके वर्मा ने सभी पेंशनर्स को स्वास्थ्य का ध्यान रखते,भजन सत्संग व पर्यावरण एवं बच्चों को संस्कारित करने के कार्यों में भाग लेने का आह्वान किया। परिवार में समन्वय, शांति एवं सेवा कार्यों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पौधें भी वितरित किए। प्रधान बालमुकुंद ने पेंशनर्स की समस्याओं का हल करवाने के बारे में विस्तृत विवरण दिया।

**विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन**

## यदुवंशी मंदौला में हुई इंटर स्कूल फैंसी ड्रेस व बॉक्सिंग प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

यदुवंशी शिक्षा निकेतन मंदौला में इंटर स्कूल फैंसी ड्रेस एवं बॉक्सिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ यदुवंशी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के अध्यक्ष राव बहादुर सिंह, डायरेक्टर विजय सिंह एवं प्राचार्य नरेंद्र यादव द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस अवसर विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने अपनी फैंसी ड्रेस प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज को अनेक सकारात्मक संदेश दिए, जिनमें मोबाइल का सीमित प्रयोग, प्लास्टिक के दुष्प्रभाव, धार्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण और समाज में व्याप्त कुरीतियों का विरोध प्रमुख रहे। इस मौके पर बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण, श्रीराधा व माता सीता बनकर अपनी प्रस्तुति से सबका मनमोह लिया। प्रतियोगिता को दो वर्गों में विभाजित किया गया। कक्षा 2 से 5 और कक्षा 6 से 12 तक। प्रथम वर्ग में प्रियांशी ने प्रथम, छवि ने द्वितीय और गौरव शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि द्वितीय वर्ग में आदित्य ने प्रथम, तनीषा ने द्वितीय और प्रियांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## दलबीर बने डॉ. भीमराव अम्बेडकर महासभा प्रेमनगर के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

रविवार को गांव प्रेमनगर के अंबेडकर भवन में डा. भीमराव अंबेडकर महासभा की एक आम बैठक में आगामी तीन वर्षो के लिए कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। इनमें सर्वसम्मति से पूर्व मैनेजर दलबीर गोठवाल को डा. भीमराव अंबेडकर महासभा प्रेमनगर का प्रधान चुना गया। महासभा के अन्य पदाधिकारियों में जगपाल सिंह को उपप्रधान, ईश्वर सिंह दहिया को सचिव, धीरेंद्र सिंह को सहसचिव, संदीप कुमार को कोषाध्यक्ष और राजेश कुमार सरपंच प्रेमनगर को सर्व सम्मति से महासभा का संरक्षक मनोनित किया गया। संदीप मल्हान एडवोकेट एवं पूर्व सरपंच तथा रमेश बूरा पूर्व प्राचार्य की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव उपरांत रिटर्निंग अधिकारी पूर्व प्राचार्य ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।



भिवानी। चुनाव के बाद शपथ लेते पदाधिकारी।

**खेलों से युवाओं का शारीरिक-मानसिक विकास**

# सांसद खेल महोत्सव से ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगी उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए कई पहल की जा रही हैं। इस कड़ी में सांसद खेल महोत्सव ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध करवाने का अहम कार्य करेगा। सांसद ने कहा कि आज हरियाणा देश की सबसे बड़ी खेल ताकत के रूप में उभरा है। सरकार ने खिलाड़ियों के लिए अनुकूल माहौल तैयार करते हुए उनकी प्रतिभा को नई दिशा प्रदान की है। खिलाड़ियों से संवाद करते हुए सांसद ने कहा कि खेलों के माध्यम से अनुशासन, समर्पण एवं दृढ़-संकल्प के साथ प्रदेश का भविष्य गढ़ा जा रहा है। सांसद खेल महोत्सव महज एक प्रतियोगिता नहीं अपितु युवा ऊर्जा, दूरदर्शी खेल नीति और समाज की सामूहिक चेतना का उत्सव है। सांसद धर्मबीर सिंह रविवार को चौ. सुरेंद्र सिंह खेल परिसर में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में प्रतिभागी खिलाड़ियों एवं उपस्थित गणमान्य नागरिकों को सम्बोधित कर रहे थे। सांसद ने खेल महोत्सव में विजेता टीमों को सम्मानित किया। सांसद ने विभिन्न प्रतियोगिताओं को काफी देर तक बैठकर देखा व खिलाड़ियों का उत्साह बढाया।



तोशाम। 26 बीडब्ल्यूएन :19 : रस्साकसी प्रतिस्पर्धा देखते सांसद धर्मबीर सिंह।

**युवाओं की खेलों के प्रति बढ़ेगी रुची**

सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि ये आयोजन भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र में युवाओं की खेलों के प्रति रुचि और सहभागिता को बढ़ाएगा। सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि खेल महोत्सव को लेकर युवा बेहद उत्साहित हैं। प्रतिभागियों में खेलों के प्रति उत्साह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया अभियान के संदेश को भी जन-जन तक पहुंचाने का जुनून देखा जा रहा है। सांसद ने कहा कि इस आयोजन से क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को पहचान मिलेगी और ग्रामीण अंचलों में भी खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी। इन खेलों के माध्यम से फिटनेस और टीम भावना को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही युवाओं में आत्मविश्वास और अनुशासन का भी विकास होगा। यह महोत्सव केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं को नशे से दूर रखने, फिटनेस और टीम भावना को बढ़ावा देने का अभियान है। खेल महोत्सव में कुश्ती, वॉलीबॉल, रस्साकसी, लंबी कूद, कबड्डी हरियाणा स्टाइल, कबड्डी नेशनल, ऊंची कूद, बॉक्सिंग, सौ मीटर दौड़, 15 सौ मीटर दौड़ आदि प्रतियोगिताएं करवाई गई। इस मौके पर कॉपरेटिव बैंक के चेयरमैन सुधीर चांदवास, महेंद्र कैरू, मास्टर अशवनी कुमार, मंडल अध्यक्ष विक्की महता, पारस मीरान, पूर्व जिला खेल अधिकारी जयसिंह कालीरामण, पूर्व सरपंच राजा, रविन्द्र गांधी, रामफल टाला, ढाणीमाहू से सरपंच रणवीर सिंह, सुनील सूरा, रोशन यादव, बलवान मीरान, रामकिशन हलवासिया आदि मौजूद रहे।

**शिविर में दिव्यांगजन ने रखीं समस्याएं**



भिवानी। कानूनी जागरूकता शिविर में मौजूद दिव्यांगजन।

- मौके पर ही किया गया समाधान

**भिवानी।** एलआईसी रोड तहसील परिसर में दिव्यांग समाज हरियाणा द्वारा आयोजित निःशुल्क कानूनी सहायता शिविर का आयोजन किया। शिविर की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष रमेश कुमार लाडवा ने की तथा मंच संचालन संरक्षक हैड मास्टर हंसराज चहल ने किया। सहायता शिविर का शुभारंभ करते हुए रिटायर्ड हैडमास्टर एवं दिव्यांग समाज हरियाणा के संरक्षक मुख्यतिथि शक्ति सिंह ने कहा कि दिव्यांग समाज हरियाणा एक ऐसा प्लेटफार्म है, जिसमें दिव्यांगों की सहायता से खुद को सुरक्षित महसूस करते हैं एवं अपने अधिकारों एवं कर्तव्य के बारे में अपनी परेशानियों का आपस में विचार विमर्श कर हल निकालते हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ. देवेंद्र ने बताया कि दिव्यांग समाज हरियाणा दिव्यांगों के लिए हमेशा से सामाजिक कार्य करता आया है। आज दिव्यांग समाज हरियाणा द्वारा प्रत्येक जगह उपस्थिति दर्शाकर दिव्यांग संबंधित नियमों को लागू करवाने में अहम योगदान दिया है।